# दिनांक 05.03.25 को सोनपुर में आयोजित मंडल संसदीय समिति की बैठक का कार्यवृत

दिनांक 05.03.25 को सोनपुर में माननीय सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी की अध्यक्षता में **मंडल संसदीय समिति** की बैठक हुई । इस बैठक में सोनपुर मंडल के क्षेत्राधिकार के माननीय सांसद एवं सांसद प्रतिनिधि तथा रेल अधिकारी उपस्थित हुए जो निम्न है :–

**1. माननीय सांसद पक्षः–**

1) श्री राजीव प्रताप रूडी, माननीय सांसद (लोकसभा), सारण, अध्यक्ष, सोनपुर मंडल संसदीय समिति, सोनपुर
(2) श्री रामनाथ ठाकुर, माननीय सांसद (राज्यसभा)
(3) श्री राज भूषण चौधरी, माननीय सांसद (लोकसभा),मुजफ्फरपुर
(4) श्री अजय कुमार मंडल, माननीय सांसद (लोकसभा),भागलपुर
(5) श्रीमती वीणा देवी, माननीया सांसद (लोकसभा),वैशाली
(6) श्रीमती शाम्भवी चौधरी, माननीया सांसद, (लोकसभा),समस्तीपुर

**2. माननीय सांसद प्रतिनिधि :–**

(1) श्री प्रभाकर कुमार राय, प्रतिनिधि, श्री गिरिराज सिंह, माननीय सांसद, (लोकसभा),बेगूसराय
(2) श्री शिव कुमार सिंह, प्रतिनिधि, श्री नित्यानंद राय, माननीय सांसद, (लोकसभा),उजियारपुर
(3) श्री अवधेश कुमार सिंह, प्रतिनिधि, श्री चिराग पासवान, माननीय सांसद,(लोकसभा) हाजीपुर
(4) श्री पवन जायसवाल, प्रतिनिधि, श्री राजेश वर्मा, माननीय सांसद (लोकसभा),खगड़िया
(5) श्री सिमरणजीत सिंह, प्रतिनिधि, श्री तारिक अनवर, माननीय सांसद(लोकसभा),कटिहार

**3. पूर्व मध्य रेल पक्षः–**

1. श्री छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक,हाजीपुर
2. श्री अमरेन्द्र कमार, अपर महाप्रबंधक, हाजीपुर
3. श्री सुमन कुमार सिंह, महाप्रबंधक के सचिव, हाजीपुर
4. श्री अभिषेक कुमार, उप महाप्रबन्धक (सा.),हाजीपुर
5. श्री सुरेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(RSP)
6. श्री राम जन्म, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण (उत्तर), महेन्द्रुघाट,पटना
7. श्री पी0आर0सिह, संयुक्त महाप्रबंधक (रेल भूमि विकास प्राधिकरण),पटना
8. श्री अभिनव राय, उप मुख्य प्रशासनिक अधिकारी /बेला
9. श्री मनीष कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, मढ़ौरा
10. श्री विवेक भूषण सूद, मंडल रेल प्रबन्धक, सोनपुर
11. श्रीमती इन्दू रानी दुबे, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक हाजीपुर
12. डा0 मनोज सिंह, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, हाजीपुर
13. श्री बीरेन्द्र कुमार, मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, हाजीपुर
14. श्री शैलेश वर्मा, प्रधान मुख्य इंजीनियर, हाजीपुर
15. श्री एस0सी0चौधरी, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, हाजीपुर
16. श्री बिपिन कुमार सिंह, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, हाजीपुर
17. श्रीमती सविता गेडाम, प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, हाजीपुर

18. श्री राजेन्द्र कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य विधुत इंजीनियर, हाजीपुर
19. श्री अमरेश कुमार, आई0जी0 सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, हाजीपुर
20. श्री नीरज वर्मा, प्रधान वित्त सलाहकार, हाजीपुर
21. ड0 सुबोध कुमार मिश्रा, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, हाजीपुर
22. श्री प्रभात कुमार, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, हाजीपुर
23. श्री विजय कुमार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, हाजीपुर
24. श्री सरस्वती चन्द्र, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, हाजीपुर
25. श्री सुमन कुमार तांती, अमरेप्र/सोनपुर
26. श्री रौशन कुमार, वमंवाप्र/सोनपुर
27. श्री इंद्रेश कुमार, वमंई (सम0), सोनपुर
28. श्री दिलीप पासवान, वमंकाधि/सोनपुर
29. श्री रितेश कुमार गुप्ता, वमंसिदूई/सोनपुर
30. श्री मनीष सौरभ, वमंपरिप्र/सोनपुर
31. श्री अमित कुमार सिंह, वमविप्र/सोनपुर
32. श्री पुष्कर कुमार, वमयांई/सोनपुर

सर्वप्रथम महाप्रबन्धक, श्री छत्रसाल सिंह द्वारा माननीय सांसद एवं सांसद प्रतिनिधियों को स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से माननीय सांसद, श्री राजीव प्रताप रूडी जी, को संसदीय समिति का अध्यक्ष चुना गया, अध्यक्ष चुनने के पश्चात् श्री छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल हाजीपुर एवं श्री विवेक भूषण सूद, मंडल रेल प्रबंधक सोनपुर द्वारा श्री राजीव प्रताप रूडी जी को बधाई दी गई एवं उनके अध्यक्षता में मंडल संसदीय की बैठक कराई गई । मंडल संसदीय समिति की बैठक जनता एवं रेलवे की बीच एक महत्वपूर्ण सेतु है। जिसमें माननीय सांसद एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझाव एवं मार्गदर्शन से भारतीय रेल अहम भूमिका निभा रही है। महाप्रबंधक महोदय अपने सम्बोधन में यात्री सुविधा के मद्देनजर महाकुंभ के दौरान पूर्व मध्य रेल द्वारा कुल 167 जोड़ी अतिरिक्त ट्रेन का परिचालन किया गया, जिसमें सोनपुर से 39 जोड़ी अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन किया गया, यात्रियों के सुविधा हेतु बड़े–बड़े स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया का निर्माण कराया गया। इसके अतिरिक्त यात्रियों के सुविधा हेतु अनेको कदम उठाये गये हैं यथा FOB पथ, रैम्प की सुविधा, प्लेटफार्मो की ऊँचीकरण, निःशुल्क निर्मित शौचालय इत्यादि अवगत कराये गये । सोनपुर मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत ढांचों के विकास आदि के क्षेत्र में किये गये कार्यों और नई परियोजनाओं की दिशा में किये गये प्रयासों को Power Point Presentation के माध्यम से माननीय सांसदगण एवं सांसद प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रेल के सर्वांगीण विकास एवं यात्री सुविधाओं में और वृद्धि करने हेतु अपने–अपने बहुमूल्य सुझाव दिये गये, जो निम्नवत हैः–

## माननीय सांसद एवं सांसद प्रतिनिधि महोदय का सुझाव एवं मार्ग दर्शनः–

| 1. | **श्री राजीव प्रताप रूडी, माननीय अध्यक्ष सह सांसद (लोक सभा) सारण।** | |
|---|---|---|
| 1.1 | सभी सांसदों के ट्रेन ठहराव के प्रतिवेदन पर कितने रेलवे बोर्ड Justification के साथ भेजे गये और कितने पर Compliance हुए हैं, सूची उपलब्ध कराई जाय। | CPTM |
| 1.2 | सांसद महोदय द्वारा दिये गये प्रतिवेदन तेजस राजधानी में भोजन की गुणवत्ता खराब होने पर आपके द्वारा क्या कार्यवाही की गई? क्या जुर्माना लगाये गये? इन मामलों में दो–चार को Black List कर हटाया जाय। | PCCM |

| | | |
|---|---|---|
| 1.3 | सांसदों के प्रतिवेदन पर मंडल स्तर, मुख्यालय स्तर एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर क्या–क्या कार्यवाही हुई है का proceeding? 02साल का रिपोर्ट Category wise सूची उपलब्ध कराई जाय। | CPTM |
| 1.4 | सांसद वाईज सांसद के सुझाव प्रतिवेदन पर अगले 05 वर्षो में कितने कार्य किये जायेंगे ? संभावित रूप से कितने पाईप लाईन में है ? कितने ट्रेन परिचालन किये जा सकते है? Structure बनाकर अगले बैठक में रिपोर्ट दिया जाय। | CPTM<br>PCE |
| 1.5 | हाजीपुर–पटना, मुजफ्फरपुर–पटना, समस्तीपुर–पटना, छपरा–पटना, गोपालगंज–पटना एवं सिवान– पटना के लिए 10–10 मिनट के अंतराल पर मेमू/डेमू का परिचालन Experiment के तौर पर परिचालन किया जाय। | CPTM |
| 1.6 | रेलवे अस्पताल में बाहरी मरीजों की संख्या से अवगत करायें । | PCMD |
| 1.7 | मद सं0 10.02 का टिप्पणी औचित्यपूर्ण नहीं है, इसे पुनः समीक्षा कर अवगत करायें यथाः मंडल के सभी छोट–बड़े स्टेशनों का अंतिम Discharge सीनेज, वाटर, साफ–सफाई म्युनिसिपालिटी में कहॉ कनेक्ट कर रहें है, वाटर खपत कितना है? शौचालय कितने हैं? कैसे संचालन कर रहे है? पूर्ण विवरण उपलब्ध कराई जाय। | PCE |
| 1.8 | Accident cases को Disposed कैसे किये जाते है? Accident cases को रिपोर्टिंग कैसे किये जाते हैं? कितने Compensation दिया गया है? किन परिस्थितियों में Compensation नहीं दिया जाता है, अन्यत्र जगहों पर कट–मर जाते हैं, तो कैसे मदद करते हैं? Policy क्या है? पूर्ण प्रक्रिया क्रमवार सूची बनाकर दिया जाय। | PCSC/<br>PCPO |
| 1.9 | कोरोना काल में कितने ट्रेन बंद किये गये थे? कितने Restore किये गये? चार्ट बनाकर दिया जाय। | CPTM |
| 1.10 | रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक कहॉ–कहॉ हुई और क्या–क्या सुझाव दिया गया । किसी एक बैठक का प्रतिवेदन ऑन लाईन भिजवाना सुनिश्चित करेंगें । | PCCM |
| 1.11 | अगले बैठक में रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति उपयोगकर्ताओं के सुझाव को एक बुकलेट में संकलन कर दिया जाय। | PCCM |
| 1.12 | रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति की सूची सभी माननीय सांसदों को उपलब्ध करायेंगे। माननीय सासंद द्वारा जो भी संशोधन करना है, वे करेंगे। साथ में ZRUCC एवं DRUCC की सूची उपलब्ध करायेंगे। | PCCM |
| 1.13 | **अगली बैठक साफ–सफाई महत्वपूर्ण विषय रहेगा।** रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का एक Formate के अंतर्गत एजेण्डा तैयार करें, ताकि बैठक में उन विन्दुओं पर टिप्पणी किया जा सके यथाः station Maintenance- पीने का पानी की व्यवस्था, शौचालय, साफ–सफाई, प्रकाश की व्यवस्था, सभी यात्री सुविधा की समुचित व्यवस्था क्या है । एक SOP बनाकर दिया जाना सुनिश्चित करेंगे। | PCE |
| 1.14 | प्रत्येक स्टेशन का कैमरा एक कंट्रोल रूम के कैमरा का जोड़ना था, उसका क्या प्रभाव है अवगत करायें । | PCSC |
| 1.15 | इस मंडल में खाली पड़े रेल भूमि का उपयोग कैसे कर रहे हैं? वृक्षारोपण, वाणिज्यिक आवंटन, आउटसोर्सिंग Maintain कैसे किया जा रहा है? | PCE /<br>PCCM |
| 2 | **श्री अजय कुमार मंडल, माननीय सांसद (लोक सभा) भागलपुर** | |
| 2.1 | सांसदों द्वारा दिये गये प्रतिवेदन पत्र के संदर्भ में जब भी रेलवे बोर्ड को भेजा जाता है तो उसमें संबंधित सांसद को प्रतिलिपि भिजवाना सुनिश्चित करें । | DGM(G) |
| 2.2 | सोनपुर रेल मंडल अंतर्गत नवगछिया रेलवे स्टेशन पर गाड़ी सं0 15567/68 (गांधी धाम एक्सप्रेस),12407/08 (कर्मभूमि एक्सप्रेस),15933/34 (अमृतसर एक्सप्रेस) एवं 13245/47 (राजेन्द्र नगर टर्मिनल कैपिटल एक्सप्रेस) का ठहराव अत्यंत आवश्यक है। उक्त सभी रेलगाड़ियों का ठहराव नवगछिया एवं कटरिया स्टेशन पर कोरोनाकाल के पूर्व होता था, परन्तु कोरोनाकाल के बाद गाड़ियों का ठहराव बंद कर दिया गया । अतः उक्त सभी गाड़ियों का | CPTM |

| | | |
|---|---|---|
| | ठहराव पुनः कराना सुनिश्चित करें। | |
| 2.3 | नवगछिया में G.B. College रेलवे क्रॉसिंग के पास अंडर पास अति आवश्यक है, अंडर पास नहीं होने से यात्रियों एवं वहाँ की जनता को काफी परेशानी होती है। | PCE |
| 2.4 | खरीक, कटरिया, नारायणपुर, थानाबिहपुर इन सभी रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है । इन सभी स्टेशनों पर वाटर केंट (शीतल पेयजल) की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करें । | PCE |
| 2.5 | खरीक, कटरिया, नारायणपुर, थानाबिहपुर इन सभी स्टेशनों का संपर्क पथ काफी जर्जर है। इन स्टेशनों के संपर्क पथ का मरम्मती करण अति आवश्यक है । | PCE |
| 2.6 | नारायणपुर रेलवे स्टेशन के दोनों तरफ यात्री शेड का निर्माण अति आवश्यक है । | PCE |
| 2.7 | नारायणपुर एवं थानाबिहपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं0 02 पर टिकट बुकिंग काउंटर खुलने से यात्रियों को काफी सुविधा होगी । | PCCM |
| 2.8 | नारायणपुर बाजार के रेलवे क्रॉसिंग पर उपरी पुल (ROB) का निर्माण अति आवश्यक है। उपरी पुल नहीं होने से घनी आबादी होने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है। जिससे आमजनों को काफी परेशानी होती है। | PCE |
| 2.9 | नारायणपुर – बिहपुर के बीच बीरबन्ना रेलवे क्रॉसिंग जो पहले चालू था, जिसको बंद कर दिया गया है। उसे पुनः चालू कराया जाय । | PCE |
| 2.10 | थानाबिहपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक हीं शौचालय है, जो हमेशा बंद रहता है। यहॉ एक अतिरिक्त सुलभ शौचालय और स्नानागार का निर्माण यात्रियों की सुविधा के लिए अति आवश्यक है । | PCE |
| 2.11 | थानाबिहपुर रेलवे स्टेशन का पैदल पुल काफी जर्जर है, जिसके पुनः निर्माण या मरम्मतीकरण की आवश्यकता है । | PCE |
| 2.12 | नवगछिया रेलवे स्टेशन के पार्किंग स्थल पर पार्किंग के नाम पर असमाजिक तत्वों द्वारा यात्रियों को परेशान किया जाता है। रेलवे स्टेशन के पार्किंग स्थल पर नियुक्त कर्मियों का एक निर्धारित ड्रेस हो और रेलवे अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया हुआ परिचय पत्र हो। | PCCM |
| 2.13 | नवगछिया रेलवे स्टेशन का VIP विश्राम गृह का नियमित साफ–सफाई नहीं होता है। विश्राम गृह का नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित करें। | EnHM |
| 2.14 | थानाबिहपुर में बंद पड़े रैक प्वाईट को चालू करवाया जाय । | PCCM |
| 2.15 | नवगछिया रेलवे स्टेशन पर डिजिटल डिसप्ले लगवाया जाए । जिसपर रेल गाड़ियों का पूर्ण विवरण अंकित हो। | PCSTE |
| 2.16 | नवगछिया रेलवे स्टेशन जो मेरे संसदीय क्षेत्र भागलपुर का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, जिसको अमृत भारत स्टेशन की सूची में शामिल किया गया है। लेकिन स्टेशनों पर अमृत भारत योजना के तहत कार्यो की गति काफी धीमी है। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। | CPM/ GS |
| 2.17 | विक्रमशीला– कटरिया रेलवे पुल परियोजना की अद्यतन स्थिति क्या है ? | CAO/C/N |
| **3** | **श्री गिरिराज सिंह, माननीय केन्द्रीय मंत्री, प्रतिनिधि– श्री प्रभाकर कुमार राय** | |
| 3.1 | बेगूसराय रेलवे स्टेशन और बरौनी जंक्शन दोनों रेलवे के वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टशनों की परियोजना में शामिल है, जिसका निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो पाया है, इसके निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब प्रारंभ किया जाए । | PCE |
| 3.2 | बेगूसराय रेलवे स्टेशन पर कोचिंग कम्प्लेक्स की आवश्यकता है, इसकी व्यवस्था शीघ्रता से किया जाए। | PCME |
| 3.3 | बेगूसराय रेलवे स्टेशन के उत्तर 04 एवं 05 नंबर प्लेटफार्म का निर्माण किया जाए, साथ हीं उत्तरी क्षेत्र से बेगूसराय स्टेशन आने वाले लोग की समस्या को देखते हुए स्टेशन के उत्तर दिशा से प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाए । स्टेशन के प्लेटफार्म पर आवश्यकतानुसार शौचालय का निर्माण आवश्यक है, साथ हीं वर्तमान के प्लेटफार्म पर यात्री शेड बढ़ाने की जरूरत है । | PCE |

| | | |
|---|---|---|
| 3.4 | बिहार की राजधानी पटना जाने के लिये बेगूसराय से होकर जो भी ट्रेन जाती है, यात्रियों को भीड़ का सामना करना पड़ता है । इसलिये बेगूसराय से पटना सुबह 6.00बजे और पटना से बेगूसराय शाम में 6.00बजे नई ट्रेन चलाई जाए। जिसमें कम से कम 02 बोगी ए0सी चेयरकार भी शामिल हो । | CPTM |
| 3.5 | पूर्व से प्रस्तावित बरौनी–हसनपुर रेल परियोजना एवं बेगूसराय–मंझौल–रोसड़ा रेल परियोजना को चालू किया जाय । | CAO/C/N |
| 3.6 | गाड़ी सं0 62317/18 (दानापुर–बरौनी) मेमू का विस्तार बेगूसराय स्टेशन तक किया जाय । | CPTM |
| 3.7 | सहरसा–बेगूसराय–हावड़ा सुपर फास्ट नई ट्रेन भाया हाथीदह–किउल–जसीडीह रूट पर चलाई जाय । | CPTM |
| 3.8 | गाड़ी सं0 12423/24(डिब्रुगढ़–नईदिल्ली राजधानी एक्सप्रेस) 12449/50(पूर्वोत्तर संपर्कक्रांति एक्सप्रेस), 15635/36 (गोहाटी–ओखा–द्वारकाधाम एक्सप्रेस), 15631/32, 15633/34 (गोहाटी–बीकानेर/बाड़मेली एक्सप्रेस) का ठहराव बेगूसराय स्टेशन पर दिया जाय । | CPTM |
| 3.9 | गाड़ी सं0 05762/61 कटिहार –रांची स्पेशल गाड़ी को नियमित किया जाय । | CPTM |
| 3.10 | बेगूसराय स्टेशन के उत्तर में टिकट बुकिंग काउंटर खोला जाय । | PCCM |
| 3.11 | सहरसा –सियालदह वंदे भारत वाया बेगूसराय होकर चलाया जाय । | CPTM |
| 3.12 | गाड़ी सं0 12149/50(दानापुर–पूणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस), 12351/52 (पाटलिपुत्र–बेंगलुरू एक्सप्रेस) साप्ताहिक गाड़ी का विस्तार बरौनी तक किया जाय । | CPTM |
| 3.13 | बछवाड़ा जंक्शन पर गाड़ी सं0 15661/52(लोहित एक्सप्रेस),15279/80 (पुरबिया एक्सप्रेस), 13105/06 (बलिया सियालदह एक्सप्रेस),03349/50(दानापुर–सहरसा स्पेशल), 13185/86 (गंगा सागर एक्सप्रेस) का ठहराव दिया जाय । | CPTM |
| 3.14 | तिलरथ जमालपुर DMU ट्रेन का विस्तार बछवाड़ा जंक्शन तक किया जाय। | CPTM |
| 3.15 | साठा जगत स्टेशन के पास 27 नम्बर रेलवे गुमटी मालगाड़ी आने पर 24–24 घंटे बंद रहती है, आसपास के ग्रामिणों को गुमटी बंद रहने से परेशानी होती है, इसका निदान किया जाय। | PCE |
| 3.16 | फतेहा व नवादा हॉल्ट पर सामान्य सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया जाय । | CPTM |
| 3.17 | बछवाड़ा जं0 के प्लेटफार्मो पर शौचालय नहीं रहने से यात्रियों को परेशानी होती है, इसलिए शौचालय का निर्माण व प्लेटफार्मो पर यात्री शेड बढ़ाया जाय और पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाय । | PCE |
| 3.18 | बछवाड़ा जं0 के पास रेलवे की खाली पड़ी जमीन का समुचित उपयोग सुनिश्चित हो और उसकी पैमाईश कर उसे अतिक्रमण मुक्त किया जाय। | PCE |
| 3.19 | रेलवे गुमटी नं0 22 स्पेशल बछवाड़ा एवं 14 स्पेशल तेघड़ा पर ROB का निर्माण अति आवश्यक है । | PCE |
| 3.20 | तेघड़ा स्टेशन पर गाड़ी सं0 18181/82 (छपरा–टाटा एक्सप्रेस) 13021/22 (मिथला एक्सप्रेस) का ठहराव कोरोनाकाल में बंद किया गया है, जिसे अविलंब चालू किया जाय । | CPTM |
| 3.21 | बेगूसराय जिले का प्रमंडल कार्यालय मुंगेर है, प्रत्येक दिन लोगों को प्रमंडल कार्यालय जाना पड़ता है, ऐसे में यात्रियों की सुविधा के लिए बछवाड़ा से जमालपुर के लिए सुबह में और जमालपुर से बछवाड़ा के लिए शाम में नई EMU ट्रेन चलाई जाय । | CPTM |
| 3.22 | मीडिया के माध्यम से खबर आ रही है कि गाड़ी सं0 15203/04 बरौनी लखनउ एक्सप्रेस का विस्तार भागलपुर तक करने की तैयारी है, इसको लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ऐसे में अगर आवश्यकता है तो भागलपुर से नई ट्रेन चलाई जाय । | CPTM |
| 3.23 | गाड़ी सं0 53415/16 जमालपुर–साहेबगंज ट्रेन का विस्तार समस्तीपुर या बरौनी तक किया जाय । | CPTM |
| 3.24 | समस्तीपुर से वाया बेगूसराय होते भागलपुर के लिए सुबह और शाम नईं इंटरसिटी ट्रेन चलाई जाय ताकि भागलपुर तक की यात्रा सुलभ किया जा सके । | CPTM |
| 3.25 | मुंगेर रेल पुल बन गया है, लेकिन ट्रेनों की संख्या बहुत कम है , इसलिए कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित कर वाया बेगूसराय–मुंगेर चलाया जाय । | CPTM |

| | | |
|---|---|---|
| 3.26 | तेघड़ा, लखमिनिया, साहेबपुर कमाल स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव दिया जाय । | CPTM |
| 3.27 | बछवाड़ा स्टेशन के पश्चिम बाजार रोड के तरफ बुकिंग काउंटर कोरोना के समय से हीं बंद है, उस टिकट काउंटर को पुनः चालू किया जाय। | PCCM |
| 3.28 | बरौनी रेलवे गुमटी 07 स्पेशल पर ROB का निर्माण होना अतिआवश्यक है। | PCE |
| **4** | **डॉ. राज भूषण चौधरी, माननीय सांसद (लोक सभा) मुजफ्फरपुर** | |
| 4.1 | मुजफ्फरपुर से नई दिल्ली के लिए एक सुपरफास्ट ट्रेन का परिचालन किया जाय, जो मुजफ्फरपुर से शाम में चले सुबह दिल्ली पहुँचे और दिल्ली से शाम में चले सुबह मुजफ्फरपुर पहुँचे। | CPTM |
| 4.2 | वंदेभारत ट्रेन मुजफ्फरपुर से कोलकाता के लिए परिचालन किया जाय एवं मुजफ्फरपुर से रॉची के लिए भी सुपरफास्ट ट्रेन का परिचालन किया जाय। | CPTM |
| 4.3 | समस्तीपुर एवं मुजफ्फरपुर से पटना के लिए 02 जोड़ी मेमू/डेमू बढ़ाया जाय। | CPTM |
| 4.4 | ढोली रेलवे स्टेशन के 79 नंबर रेलवे लेबल क्रॉसिंग पर रेल ओवर ब्रिज का निर्माण। | PCE |
| 4.5 | ट्रेन नम्बर 15909/10 (अवध असम एक्सप्रेस) का ठहराव ढोली स्टेशन पर किया जाना । | CPTM |
| 4.6 | एक जोड़ी EMU/DMU रैक की मुजफ्फरपुर से समस्तीपुर तथा समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर फेरी लगाने वाले ट्रेनों को संचालित किया जाना जिनका ठहराव सभी स्टेशनों पर हो । | CPTM |
| 4.7 | ट्रेन नम्बर 13021/22(मिथिला एक्सप्रेस) का ठहराव नारायणपुर अनंत, सिलौत, सीहो, दुबहा, खुदीराम तथा कर्पूरीग्राम स्टेशन पर किया जाना । | CPTM |
| 4.8 | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत ढोली स्टेशन को चयनित किया गया था। काम भी शुरू किया गया था लेकिन तत्काल बंद है। काम को तत्काल शुरू किय जाने की आवश्यकता है । | CPM/ GS |
| 4.9 | गाड़ी सं0 12309 (तेजस राजधानी एक्सप्रेस), 12305 (राजधानी एक्सप्रेस) एवं 12393 (संपूर्णक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस) पटना के बजाय मुजफ्फरपुर जंक्शन से प्रतिदिन परिचालित किया जाय । | CPTM |
| 4.10 | जो भी सुझाव दिये जाते हैं, उन विषयों पर कैटेगोरी वाईज मंडल स्तर, मुख्यालय स्तर एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर कार्य होने हैं अथवा नहीं होने हैं। अगर नहीं होने है तो Technical Reason के साथ अवगत करायें। | CPTM |
| **5.** | **श्री रामनाथ ठाकुर, माननीय सांसद (राज्य सभा) समस्तीपुर** | |
| 5.1 | कोरोना काल के पूर्व जो भी ट्रेन कर्पूरीग्राम स्टेशन पर रूकती थी, उसे पुनः कर्पूरीग्राम स्टेशन पर ठहराव किया जाय। | CPTM |
| 5.2 | कर्पूरीग्रम स्टेशन स्थल का परिवर्तन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य अभी तक नहीं हुआ है। अविलम्ब सौंदर्यीकरण के कार्य कराया जाय। | PCE |
| 5.3 | खुदीराम बोस स्टेशन पर स्थित शौचालय में ताला लगा हुआ है क्यों ? | PCE |
| 5.4 | कर्पूरीग्रम में गुड्स टर्मिनल खोलने का कार्य प्रगति से अवगत करायें । | PCE |
| 5.5 | यात्री सुविधा को देखते हुए बरौनी से नई–दिल्ली के लिए वाया समस्तीपुर पाटलिपुत्र एक वंदेभारत एक्सप्रेस चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाए । | CPTM |
| 5.6 | सोनपुर रेल मंडल अंतर्गत खुदीराम बोस पूसा एवं कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन को समस्तीपुर रेल मंडल में शामिल करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाए । | DGM/G |
| 5.7 | गाड़ी सं0 12947/48 पटना अहमदाबाद एक्सप्रेस को सप्ताह में दो दिन बरौनी से वाया समस्तीपुर चलाया जाए । | CPTM |
| 5.8 | गाड़ी सं0 12211/12 मुजफ्फरपुर आनंद विहार गरीबरथ को समस्तीपुर से प्रतिदिन चलाया जाए । | CPTM |
| 5.9 | गाड़ी सं0 15027/28 मौर्य एक्सप्रेस, 18181/82(टाटा–थावे एक्सप्रेस)13419/20 (मुजफ्फरपुर–भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस) एवं 13225/26 (जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस) का कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया जाए । | CPTM |
| 5.10 | मौर्य एक्सप्रेस को बरौनी स्टेशन पर काफी देर तक रोका जाता है, इसके समय सारणी में सुधार किया जाए । | CPTM |

| | | |
|---|---|---|
| **6.** | **श्रीमती शाम्भवी चौधरी, माननीय सांसद (लोक सभा) समस्तीपुर** | |
| 6.1 | गाड़ी सं0 15549/50 (जयनगर – पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस), 15909/10 (डिब्रूगढ़ – लालगढ़ अवध असम एक्सप्रेस), 14673/74 (जयनगर–अमृतसर शहीद एक्सप्रेस), 14649/50 (जयनगर –अमृतसर सरयू युमना एक्सप्रेस), 11061/62 (जयनगर से लोकमान्य तिलक नगर पवन एक्सप्रेस) तथा 15211/12 (दरभंगा से अमृतसर जननायक एक्सप्रेस) का ठहराव खुदीराम बोस पूसा स्टेशन पर दिया जाए । | CPTM |
| 6.2 | बरौनी से मुजफ्फरपुर के बीच 06 जोड़ी मेमू ट्रेन का परिचालन अतिआवश्यक है, इसे अविलम्ब चालू कराया जाए । | CPTM |
| 6.3 | मुजफ्फरपुर रेल खंड में खुदीराम बोस पूसा स्टेशन से 200 फीट पूर्व पर समपार फाटक संख्या 66 (TUV 59323) की अद्यतन स्थिति क्या है ? | PCE |
| 6.4 | गाड़ी सं0 02563/64 (बरौनी–नईदिल्ली क्लोन एक्सप्रेस) का ठहराव समस्तीपुर में दिया जाए । | CPTM |
| 6.5 | कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन को गुड्स टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाए । यहॉ सब्जी मंडी खुल जाने से व्यापारियों की आवाजाही बढ़ी हैं, इससे रेलवे की आमदनी बढ़ेगी । | PCE |
| 6.6 | मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले छात्रों के हित को देखते हुए बरौनी से कोटा के लिए एक नई ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा जाए । | PCCM |
| 6.7 | अगली बैठक में कर्पूरीगग्रम स्टेशनों पर हुए कार्यो का विवरण Power Presentation में शामिल किया जाय। | PCCM |
| **7.** | **श्री राजेश वर्मा, माननीय सांसद, प्रतिनिधि– श्री पवन जायसवाल** | |
| 7.1 | बरौनी –कटिहार रेल खंड पर गौछारी रेलवे स्टेशन पर किसी भी एक्सप्रेस का ठहराव नहीं हैं। बड़ी आबादी इस स्टेशन से अपनी यात्रा करती है। ट्रेन सं0 15713/14 (कटिहार–पटना इंटर सिटी एक्सप्रेस) तथा 13163/64( हाटेबजारे एक्सप्रेस) का ठहराव दिया जाय । | CPTM |
| 7.2 | खगड़िया जं0 पर स्थित रैक प्वाइंट के स्थान को परिवर्तित कर पश्चिमी केबिन के पास मथुरापुर से कुतुबपुर के बीच में किया जाय। | PCE |
| 7.3 | बरौनी–कटिहार रेलखंड अंतर्गत मानसी स्टेशन पर पूर्व में पार्सल बुकिंग की सुविधा थी। जिससे मानसी के आस–पास के क्षेत्र से खोवा पेड़ा, पनीर का अत्यधिक उत्पादन तथा निर्यात होता था, जो कि राजस्व का एक अच्छा श्रोत था। वर्तमान में यह किसी कारण से बंद है। अतः यहॉ पुनः पार्सल बुकिंग की सुविधा शुरू की जाए । | PCCM |
| 7.4 | मानसी स्टेशन परिसर में शहीद धन्ना माधव स्मारक पार्क का निर्माण करवाया जाय। | PCE |
| 7.5 | मानसी स्थित रिटायर्ड रेलवे में मानसी नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नं0 11 में स्थित रेलवे भूखंड पर खेल मैदान का निर्माण कराया जाय। | PCE |
| 7.6 | गाड़ी सं0 05509/10 सहरसा–जमालपुर सवारी गाड़ी का परिचालन पुनः शुरू किया जाए। | CPTM |
| 7.7 | गाड़ी सं0 15715/16 किशनगंज अजमेर शरीफ(गरीब नवाज एक्सप्रेस) का ठहराव खगड़िया स्टेशन पर किया जाए। | CPTM |
| 7.8 | गाड़ी सं0 15203/04 बरौनी–लखनउ एक्सप्रेस के परिचालन को पूर्व की भांति कटिहार स्टेशन से किया जाए। क्योंकि इस रूट पर एक भी सीधी ट्रेन का परिचालन नहीं हो रहा है। | CPTM |
| 7.9 | अमृत भारत योजन के अंतर्गत मेहशखूंट स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा था, परंतु कार्य रूका हुआ है। वर्तमान में इसका क्या स्थिति है ? कब तक इसका कार्य पूर्ण होगा ? | CPM/ GS |
| 7.10 | अमृत भारत योजना के तहत पसराहा स्टेशन का प्रस्ताव भेजा जाए। | CPM/ GS |
| 7.11 | महेशखूंट –गोगरी पथ पर महेशखूंट स्टेशन के पश्चिम आर0ओ0बी0 पर ओवर ब्रिज का निर्माण की स्वीकृति हो चुका है। वर्तमान में इसका स्थिति क्या है ? कब तक इसका कार्य शुरू होने की संभावना है ? । इसका कार्य जल्द शुरू करवाया जाय। | PCE |
| 7.12 | गौछारी एवं पसराहा स्टेशन के प्लेटफार्म का उॅचीकरण तथा सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भेजा जाए । | PCE |
| 7.13 | कटिहार –बरौनी रेलखंड के उमेशनगर–खगड़िया –मानसी के बीच अतिरिक्त रेल लाईन बिछाई जाए। जिससे इन स्टेशनों पर ट्रेनों का दबाव कम हो सके। | PCE |

| | | |
|---|---|---|
| 7.14 | खगड़िया और मानसी स्टेशन पर तीन–तीन प्लेटफार्म है, मेनलाईन पर होने के कारण यहॉ यात्रियों का बहुत दबाव रहता है। अतः दोनों स्टेशनों के यार्ड को रिमोडलिंग कर यहॉ प्लेटफार्म सं0 04 एवं 05 का निर्माण किया जाए। | PCE |
| 7.15 | खगड़िया तथा मानसी दोनों स्टेशनों पर रेक प्वाईट को स्टेशन के बाहरी भाग में रेलवे के खाली जगह शिफ्ट किया जाए, ताकि यात्रियों को आवागमन में परेशानी न हो। | PCE |
| 7.16 | खगड़िया से देवघर दुमका हेतु ट्रेन का प्रस्ताव वाया मुंगेर, भागलपुर, बांका सहित देवघर के लिए कोई ट्रेन नहीं चल रही है। एक बड़ी आबादी प्रतिदिन यात्रा करते हैं, इस पर विशेष पहल किया जाए। | CPTM |
| 7.17 | खगड़िया –मानसी रेलखंड पर कचहरी पथ पर समाहरणालय , खगड़िया के सामने अंडरपास (आर0यू0बी0) निर्माण किया जाए। इससे उत्तरी और दक्षिणी छोड़ का एक जुड़ाव होगा। एक लंबे समय से इसका मांग किया जा रहा है। | PCE |
| 7.18 | खगड़िया मानसी रेलखंड पर परमानंदपुर केबिन पर अंडर पास (RUV) का निर्माण करवाया जाय, जिससे जाम से मुक्ति मिलेगी । | PCE |
| 7.19 | सबसे अधिक राजस्व देने वाले खगड़िया जं0 से हावड़ा हेतु ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाए, क्योंकि एक भी ट्रेन का परिचालन नहीं हो रहा है। इस ट्रेन के परिचालन से यहॉ के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। | CPTM |
| 7.20 | खगड़िया जं0 पूर्वी रेलवे केबिन ढ़ाला तथा स्टेशन से पश्चिम आई0ओ0डबलू ऑफिस के निकट HLS (RUB) निर्माण करवाया जाए। क्योंकि आर0ओ0बी0 का एक छोड़ शहर के मुख्य चौराहा पर निकलती है, जहॉ जाम की लगातार समस्या बनी रहती है । इस पर विशेष पहल किया जाय। | PCE |
| 7.21 | खगड़िया–कटिहार रेलखंड पर स्थित भरतखंड हॉल्ट के प्लेटफार्म का निर्माण तथा हॉल्ट के पहुॅच पथ का निर्माण तथा हॉल्ट का जीर्णोद्वार एवं सौंदर्यीकरण करवाया जाए। | PCE |
| 7.22 | जोगबनी स्टेशन से जमालपुर स्टेशन के बीच वाया कटिहार, खगड़िया, मुंगेर होते हुए जमालपुर तक ट्रेन चलायी जाए । | CPTM |
| 7.23 | जोगबनी स्टेशन से कटिहार, खगड़िया, बरौनी बायपास, बख्तियारपुर, पटना शहर के रास्ते पटना जं0 तक इंटरसिटी एक्सप्रेस गाड़ी का परिचालन शुरू किया जाए। | CPTM |
| 7.24 | खगड़िया जं0 के पश्चिम केबिन ढाला पर ओर0ओ0बी0 के निर्माण हेतु केन्द्र तथा राज्य सरकार के द्वारा निर्माण करवाया जाना है। राशि का आवंटन हो चुका है, वर्तमान में स्थिति क्या है ? कब तक इसका कार्य शुरू होने की संभावना है ? | PCE |
| 7.25 | खगड़िया जं0 एवं जमालपुर स्टेशन के बीच ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाए । | CPTM |
| 7.26 | कटिहार से पटना के बीच एक ट्रेन का परिचालन किया जाए, क्योंकि सुबह 09.00 बजे के बाद इस रूट पर ट्रेन का परिचालन नहीं हो रहा है। जिससे इस क्षेत्र के लोगों का राजधानी से सीधी जुड़ाव हो तथा आवागमन सुलभ हो। | CPTM |
| 7.27 | खगड़िया में पर्किंग का क्या स्थिति है। आये दिन स्थानीय के रिक्शा चालक, मोटर चालक के द्वारा निर्धारित रेट से अधिक वसूली का आरोप लगाया जाता है। निर्धारित रेट का सभी जगह डिस्प्ले किया जाय। | PCCM |
| 7.28 | खगड़िया जं0 से कटिहार , मानसी, समस्तीपुर,सहरसा,जमालपुर तथा अलौली के ट्रेन का ट्रैक निकलती है। राजस्व के मामले में खगड़िया अव्वल है, खगड़िया जं0 को टर्मिनल में परिवर्तित करने का प्रस्ताव भेजा जाए। | CAO/N |
| 7.29 | वंदेभारत ट्रेन हेतु उत्तर बिहार में डीपो बनाया जाना है। खगड़िया जंक्शन को इसके लिए चयनित किये जाय । | CPTM |
| 7.30 | गाड़ी सं0 12149 / 50 पुणे दानापुर ट्रेन का परिचालन सहरसा से नियमित किया जाए । | CPTM |
| 7.31 | गाड़ी सं0 22449 / 50 गुवाहाटी–नई दिल्ली पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस जो राजधानी दिल्ली के लिए बेहतर कनेक्टिविटी के लिए इस ट्रेन का ठहराव खगड़िया जं0 पर किया जाय। | CPTM |

| | | |
|---|---|---|
| 7.32 | गाड़ी सं0 04653 / 54 (अमृतसर क्लोन एक्सप्रेस) ट्रेन खगड़िया जं0 पर अनौपचारिक ठहराव है। इस ट्रेन का नियमित ठहराव से इस क्षेत्र के लोगों का यात्रा सुगम होगी। | CPTM |
| 7.33 | IRCTC 2024 से संबंधित मांगों का समेकित विवरणी उपलब्ध करवाया जाय। | PCCM |
| 7.34 | पिछले वर्ष रेल संसदीय समिति की बैठक की किन–किन मांग या प्रस्ताव पर सकरात्मक पहल हुआ, इसका विवरणी दिया जाय। | PCCM |
| 7.35 | खगड़िया,मानसी, महेशखूंट, गौछारी, पसराहा, भरतखंड इन सभी स्टेशनों के विभिन्न तरह के सुविधाओं तथा कायाकल्प हेतु यदि किसी तरह का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है, तो उसकी जानकारी उपलब्ध करवाया जाय। | PCE |
| **8** | **श्री तारिक अनवर, माननीय सांसद,प्रतिनिधि– श्री सिमरणजीत सिंह,** | |
| 8.1 | अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत काढ़ागोला रोड रेलवे स्टेशन भवन का निर्माण हेतु 15 करोड़ 57 लाख रूपया स्वीकृति के बाद भी स्टेशन भवन का निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ । अतः काढ़ागोला रोड स्टेशन भवन का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाय। | CPM/ GS |
| 8.2 | कोरोना काल में पूर्व काढ़ागोला रोड स्टेशन पर गाड़ी सं0 15653 / 54(अमरनाथ एक्सप्रेस) एवं 15651 / 52(लोहित एक्सप्रेस) का ठहराव था। कोरोनाकाल से दोनों ट्रेनों का ठहराव काढ़गोला रोड स्टेशन पर बंद कर दिया गया। इन दोनों ट्रेनों का ठहराव पुनः काढ़ागोला रोड स्टेशन पर किया जाय। | CPTM |
| 8.3 | गाड़ी सं0 15909 / 10(अवध असम एक्सप्रेस) एवं 12505 / 06(नार्थ इस्ट एक्सप्रेस) का ठहराव काढ़ागोला रोड स्टेशन पर दिया जाय। | CPTM |
| 8.4 | वर्षो से चली आयी मांग को देखते हुए काढ़ागोला रोड स्टेशन का नाम परिवर्तित कर काढ़ागोला साहिब किया जाए। स्टेशन परिसर में एतिहासिक गुरूद्वारा का बोर्ड लगा हुआ था, उसे पुनः लगवाया जाए। | PCCM |
| 8.5 | सेमापुर एवं कुर्सेला रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म सं0 01 एवं 02 का ऊँचीकरण किया जाए एवं यात्री शेड, शुद्ध पेयजल एवं शौचालय का निर्माण किया जाए। | PCE |
| 8.6 | सेमापुर बजार से सेमापुर रेलवे स्टेशन तक संपर्क रेलवे पथ का कालीकरण किया जाए। | PCE |
| 87 | काढ़ागोला रोड रेलवे स्टेशन के लेवल क्रासिंग 5B के ढ़ाला जिसमें अभी आवाजाही होती है, को अंडर पास बनने के बाद नहीं काटा जाए। क्योंकि बारिस के समय देखा गया है कि सभी अंडर पास में पानी जमा रहता है। जिससे आने–जाने वालों को परेशानी होती है। | PCE |
| 8.8 | काढ़ागोला रोड रेलवे स्टेशन बाजार से प्लेटफार्म सं0 02 की ओर जय जवान चौक तक फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए। | PCE |
| **9** | **श्री चिराग पासवान जी, माननीय केन्द्रीय मंत्री, प्रतिनिधि– श्री अवधेश कुमार सिंह** | |
| 9.1 | पदम्भूषण स्व0 रामविलास पासवान जी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री,भारत सरकार के नाम पर हाजीपुर स्टेशन का नामाकरण किया जाय एवं हाजीपुर रेल परिसर में पदम्भूषण स्व0 रामविलास पासवान जी, का आदमकद प्रतिमा स्थापित किया जाय। | PCCM |
| 9.2 | अक्ष्यवट राय नगर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे टर्मिनल बनवाया जाय। | PCE |
| 9.3 | नई रेल लाईन परियोजना कनेक्टिंग बाईपास हाजीपुर –मुजफ्फरपुर रेल लाईन को हाजीपुर – बरौनी वाया बछवाड़ा रेल लाईन को चकमकरंद स्टेशन से बाईपास 8.2 कि0मी0 घोसवर स्टेशन को जोड़ने की स्वीकृति रेल मंत्रालय द्वारा दी गयी है, इस कार्य को पूर्ण कराया जाय। | CAO/N |
| 9.4 | हाजीपुर –सुगौली न्यू रेल परियोजना अंतर्गत ट्रेन परिचालन हाजीपुर से वैशाली तक की जा रही है। वैशाली से पारू होते हुए देवरिया तक लगभग 30कि0मी0 रेल कार्य सम्पन्न होने के बावजूद रेल परिचालन का शुभारंभ अभी तक नहीं हुआ है। रेल परिचालन जल्द से जल्द शुरू किया जाय। वैशाली –पारू–देवरिया की बीच ट्रेन का परिचालन कब से चालू किया जायेगा ? | CPTM |
| 9.5 | हाजीपुर –बछवाड़ा तीसरी रेल लाईन का सर्वे का कार्य कब तक पूर्ण कराया जायेगा ? | CAO/N |
| 9.6 | हाजीपुर–मुजफ्फरपुर कटिहार लगभग 4.50 कि0मी0 लम्बी तीसरी रेल लाईन सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है, आगे की प्रक्रिया कब तक की जायेगी। | CAO/N |

| | | |
|---|---|---|
| 9.7 | छपरा–मुजफ्फरपुर नई रेल परियोजना जो वर्ष 2007 में स्वीकृत हुआ था, इस परियोजना में विगत चार साल से पर्याप्त निधि का आवंटन नहीं होने से न तो निर्माण कार्य हो रहा है और न हीं भू–धारी का भुगतान हो रहा है। | CAO/N |
| 9.8 | देसरी में रेलवे की भूमि पर स्टेडियम का निर्माण कराया गया था, जो क्षतिग्रस्त, जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है, उसे फिर से निर्माण का कार्य कराया जाय। | PCE |
| 9.9 | अक्षयवट राय नगर स्टेशन के निकट रेलवे की भूमि पर स्टेडियम का कार्य कराया गया था, जो क्षतिग्रस्त है, उसे फिर से निर्माण कराया जाय। | PCE |
| 9.10 | हाजीपुर, महुआ, चेहराकलॉ, पातेपुर,ताजपुर से समस्तीपुर होते हुए नई रेल लाईन का सर्वे का कार्य कब तक पूर्ण होगा एवं आगे का कार्य की प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराई जाय। | PCE |
| 9.11 | गंगा नदी पर बन रहे 06 लेन सड़क–सह पूल के समानान्तर पटना के बंका घाट रेलवे स्टेशन और राघोपुर होते हुए बिदुपुर रेलवे लाईन –सह–रेल पूल निर्माण का सर्वे का कार्य कराकर आगे की कार्रवाही की जाए। | CAO/N |
| 9.12 | हाजीपुर  में रेल टर्मिनल का निर्माण कराया जाए। | CPM/ GS |
| 9.13 | हाजीपुर मुजफ्फरपुर रेल लाईन में भगवानपुर स्टेशन पर गाड़ी सं0 15507/08 (दरभंगा से पाटलिपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस) गाड़ी सं0 13211/12(दरभंगा से दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस) का ठहराव किया जाय। | CPTM |
| 9.14 | हाजीपुर, पाटलिपुत्र होते हुए पटना रेलवे जंक्शन तक कम से कम आधे घंटे के अन्तराल पर गाड़ी का परिचालन सुनिश्चित किया जाय। | CPTM |
| 9.15 | गाड़ी सं0 12423/24(राजधानी एक्सप्रेस),12487/88(सीमांचल एक्सप्रेस), 12505/06(नार्थ ईस्ट) का ठहराव हाजीपुर में किया जाय। | CPTM |
| 9.16 | हाजीपुर से पटना  के बीच 06.00 बजे मेमू/डेमू का परिचालन किया जाय। | CPTM |
| 9.17 | हाजीपुर मुख्य गेट के पास पार्किंग को अन्य जगहों पर शिफ्ट कराया जाय। | PCE |
| 9.18 | 06 मीटर एफ0ओ0बी0 का निर्माण कार्य में तेजी लाया जाय। | PCE |
| 9.19 | सर्कुलेटिंग एरिया में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाया जाय। | PCE |
| 9.20 | एस्केलेटर एवं लिफ्ट का निर्माण | PCEE |
| 9.21 | हाजीपुर स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार का विकास किया जाय। | PCCM |
| 9.22 | हाजीपुर से नई–दिल्ली के लिए गाड़ी का परिचालन किया जाय। | CPTM |
| 9.23 | भगवानपुर स्टेशन पर गाड़ी सं0 15507/08 (दरभंगा से पाटलिपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस) एवं गाड़ी सं0 13211/12 (दरभंगा से दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस) का ठहराव किया जाय। | PCE |
| 9.24 | सराय स्टेशन से हाजीपुर जाने के मार्ग में गेट सं0 43A (ढ़ाला) पर अंडारपास बनाया जाय। | PCE |
| 9.25 | कोरोना काल के समय अक्ष्यवटराय नगर, देसरी, सहदेई एवं महनार रोड स्टेशन पर गाड़ियों का ठहराव बंद कर दिया गया था। उसे पुनः प्रारंभ किया जाय। | CPTM |
| 9.26 | पीरापुर बेनीपट्टी एवं बिठौली हाल्ट को स्टेशन का दर्जा दिया जाय। | PCE |
| **10** | **श्री नित्यानंद राय जी, माननीय केन्द्रीय मंत्री, प्रतिनिधि– श्री शिव कुमार सिंह** | |
| 10.1 | विद्यापतिधाम मंदिर से उत्तर एवं रेल लाईन से दक्षिण मंदिर के पीछे से स्मारक चौक तक रेलवे विभाग द्वारा सड़क निर्माण कराया जाय, या पंचायती राज को NOC दिया जाय। | PCE |
| 10.2 | हरपुर बोचहा रेलवे हॉल्ट पर प्लेटफार्म की उँचाई कम होने के कारण यात्रियों को परेशानी होती है। प्लेटफार्म की उँचाई बढ़ाने एवं सौंदर्यीकरण कराया जाय। | PCE |
| 10.3 | हरपुर बोचहा ग्राम से हरपुर बोचहा रेलवे हाल्ट तक पहुंचने के लिए संपर्क पथ का निर्माण कराया जाय। | PCE |
| 10.4 | शेरपुर ढेपुरा पंचायत अंतर्गत ढ़ाला सं0 06 से शेरपुर ढेपुरा हॉल्ट तक सड़क निर्माण या अनापति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय। | PCE |
| 10.5 | मोहिउद्दीननगर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी सं0 13205/06(जनहित एक्सप्रेस) का ठहराव दिया जाय। | CPTM |
| 10.6 | शाहपुर पटोरी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म सं0 01 से प्लेटफार्म सं0 03 पर जाने के लिए एफ0ओ0बी0 का निर्माण कराया जाय। | PCE |

| | | |
|---|---|---|
| 10.7 | शाहपुर पटोरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का कोच पोजीशन डिस्प्ले बोर्ड नहीं होने से यात्रियों को असुविधा होती है, उसे अविलम्ब लगवाया जाय। | PCSTE |
| 10.8 | उजियारपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 01 एवं 02 की ऊँचाई कम होने से यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने–उतरने में कठिनाई होती है। प्लेटफार्म की ऊँचाई बढ़ाया जाय। | PCE |
| 10.9 | उजियारपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 03 पर यात्रियों के बैठने हेतु प्लास्टर एवं पत्थर से कुर्सीनुमा चबुतरा का निर्माण छः महिना पूर्व हुआ था, जो जर्जर स्थिति में है, उसका निर्माण करवाया जाय। | PCE |
| 10.10 | बेलारी हॉल्ट पर ट्रेन सं0 63307/08 (कटिहार –समस्तीपुर–कटिहार) का ठहराव किया जाय। | CPTM |
| 10.11 | बेलारी हॉल्ट पर यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं यात्री शेड में पंखा लगवाया जाय। | PCE |
| 10.12 | दलसिंहसराय रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का कोच पोजीशन डिस्प्ले बोर्ड नहीं होने से यात्रियों को असुविधा होती है, उसे अविलंब लगवाया जाय। | PCSTE |
| 10.13 | 31 नंबर रेलवे गुमटी के पूर्वी छोर से बालेश्वर कॉलोनी(रेलवे लाईन के किनारे) तक सड़क की स्थिति जर्जर होने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न होती है, उसका निर्माण अविलंब करवाया जाय। | PCE |
| 11 | **श्रमती वीणा देवी, माननीया सांसद (लोक सभा) वैशाली** | |
| 11.1 | मेतिहारी से जो गाड़ी का परिचालन किया जा रहा है वो महेसी, चकिया एवं मुजफ्फरपुर में ठहराव है, परन्तु मोतीपुर स्टेशन पर ठहराव नहीं है । मोतीपुर स्टेशन पर ठहराव किया जाय। | CPTM |
| 11.2 | वैशाली से जो गाड़ी परिचालन किये जा रहे है, उसका समय सारणी औचित्यपूर्ण नहीं है। वैशाली से सुबह 09.00 बजे एवं हाजीपुर से शाम 04.00 बजे खुलने का समय निर्धारिण किया जाय। | CPTM |
| 11.3 | मुजफ्फरपुर से कोलकाता के लिए के लिए वंदेभारत ट्रेन या अमृत भारत ट्रेन का परिचालन किया जाय। | CPTM |
| 11.4 | पूर्वांचल एक्सप्रेस में प्रथम वातानुकूलित कोच उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण पटना से कोलकाता के लिए ट्रेन पकड़नी पड़ती है । पूर्वांचल एक्सप्रेस में प्रथम वातानुकूलित कोच उपलब्ध करवाया जाय। | CPTM |
| 11.5 | रक्सौल से पटना के लिए जो ट्रेन है, उसे भी मोतीपुर में ठहराव किया जाय। | CPTM |
| 11.6 | देवरिया में कार्य बंद है, उसे चालु किया जाय। | CPTM |
| 11.7 | मोतीपुर में कब से ट्रेन का ठहराव दिया जा रहा है, अवगत करायें। | CPTM |

बैठक के अंत में मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा माननीय सांसद महोदय के सभी सुझावों पर कार्यवाही करने की तथा इससे यात्री सुविधाओं में गुणात्मक सुधार की आशा जतायी गई । इसके साथ हीं सभी माननीय सांसद महोदय, माननीय सांसद महोदय के प्रतिनिधिगण तथा मुख्यालय से आये सभी अधिकारियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई ।

माननीय सांसद एवं सांसद प्रतिनिधियों के बहूमूल्य सुझाव पर अतिशीघ्र कार्यवाही करते हुए माननीय सांसदों को सूचित किया जाएगा।

RAUSHAN KUMAR Digitally signed by RAUSHAN KUMAR Date: 2025.04.08 10:46:39 +05'30'

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक**
**सोनपुर**

**सं0– सी/568/मंडल संसदीय समिति/सोनपुर/बैठक/25 दिनांक .03.2025**
**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महाप्रबन्धक के सचिव, महाप्रबन्धक महोदय के सादर सूचनार्थ।

2. मं.रे.प्र, सोनपुर महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. उप महाप्रबन्धक (सा.) हाजीपुर के सादर सूचनार्थ ।
4. प्रमुवाप्र, प्रमुपरिप्र, प्रमुसिदूई, प्रमुविई, प्रमुकाधि, प्रमुई एवं मुजसंधि/हाजीपुर के सादर सूचनार्थ ।
5. मुप्रशाधि (निमार्ण) उत्तर महेन्द्रुघाट, पटना के सादर सूचनार्थ ।
6. महाप्रबंधक (इरकॉन), मुख्य परियोजना निदेशक (आर.ई) के सादर सूचनार्थ ।
7. महाप्रबंधक, रेल भूमि विकास प्राधिकरण, अजमेरी गेट नई–दिल्ली–110002 के सादर सूचनार्थ ।
8. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/रेल इंजन कारखाना, मढ़ौरा (सारण) के सादर सूचनार्थ ।
9. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी /रेल पहिया कारखाना, बेला (सारण) के सादर सूचनार्थ ।
10. महाप्रबंधक, बिहार राज्य विधुत बोर्ड, पटना के सादर सूचनार्थ ।
11. मुचिधि,वमंपरिप्र, वमंई(सम.), वमंसिदूई, वमंविई(सा.) एवं वमकाधि/सोनपुर। कृपया अपने–अपने विभाग से संबंधित सुझावों पर कार्यवाई करते हुए कृत कार्यवाई से अवगत कराया जाय, ताकि अविलम्ब माननीय सांसद एवं मुख्यालय को सूचित किया जा सके।

RAUSHAN KUMAR Digitally signed by RAUSHAN KUMAR Date: 2025.04.08 10:47:27 +05'30'

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक**
**सोनपुर**